
# University in News on 14 August 2023

**NBT PAGE 4**

## रैंकिंग, प्लेसमेंट दिलाएगा पूर्व छात्रों का नेटवर्क

■ **एनबीटी सं, लखनऊ :** एलयू अब पूर्व छात्रों का बड़ा नेटवर्क तैयार कर रहा है। इसके लिए एलयू ने अपने लखनऊ विवि पुरातन छात्र फाउंडेशन को विस्तार दिया है। बीते एक महीने में एलयू ने इस फाउंडेशन के पांच राष्ट्रीय और दो अंतरराष्ट्रीय चैप्टर स्थापित किए हैं। इस पहल से न सिर्फ एलयू के छात्रों को अच्छा प्लेसमेंट मिल सकेगा बल्कि विश्वविद्यालयों की राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग में शामिल एनआईआरएफ और क्यूएस रैंकिंग में भी एलयू को काफी वेटेज मिल सकेगा। ऐसे में एलयू को अच्छी रैंकिंग दिलाने में पूर्व छात्रों का अहम भूमिका होगी।



लखनऊ विवि पुरातन छात्र फाउंडेशन ने अपने नेटवर्क का किया विस्तार

एलयू वीसी प्रो.आलोक कुमार राय ने बताया कि इस फाउंडेशन ने पांच राष्ट्रीय और दो अंतरराष्ट्रीय चैप्टर स्थापित करके वैश्विक आउटरीच की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है यानी अब एलयू दुनिया भर में अपना विस्तार कर रहा है। इससे ज्ञान के आदान-प्रदान को और अधिक सुविधाजनक भी बनाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन में अभी महासचिव के रूप में प्रो. सुधीर मेहरोत्रा और उपाध्यक्ष के रूप में प्रो. अरूप चक्रवर्ती काम कर रहे हैं जबकि प्रत्येक चैप्टर का एलयू के एक अध्यापक को नोडल बनाया गया ताकि पूर्व स्टूडेंट्स और एलयू के बीच मजबूत संबंध बन सके। बता दें कि एलयू में भारत के पूर्व राष्ट्रपति पंडित शंकर दयाल शर्मा समेत कई प्रतिष्ठित हस्तियां पढ़ाई कर चुके हैं।

वहीं एलयू की डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन बताती हैं कि एलयू के कई स्टूडेंट्स न सिर्फ देश में बल्कि विदेशों में भी अलग-अलग क्षेत्रों में उच्च पदों में हैं। उन्हें फाउंडेशन से जोड़ कर पूर्व स्टूडेंट्स की एक बड़ी चेन बनाई जा रही है। इसका फायदा एलयू को कई स्तर पर होगा। एक तो एलयू के स्टूडेंट्स को अच्छी कंपनियों में प्लेसमेंट मिल सकेगा तो दूसरा एनआईआरएफ और क्यूएस रैंकिंग के लिए फाउंडेशन काफी महत्वपूर्ण भमिका निभाएगा।

**इन नए स्थानों पर किया विस्तार :** दिल्ली-एनसीआर चैप्टर राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र, हरियाणा के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. पंकज सेठ की देखरेख में चल रहा है। इसी तरह मुंबई चैप्टर वरिष्ठ पत्रकार और पूर्व छात्र सेल की समन्वयक कंचन श्रीवास्तव हैं। चंडीगढ़ चैप्टर आईएमटीईसीएच की मुख्य वैज्ञानिक डॉ. चारू शर्मा हैं। गुवाहाटी चैप्टर एम्स, गुवाहाटी में बायोकैमिस्ट्री विभाग के प्रमुख प्रो. सुभाष गुप्ता की देखरेख में चल रहा है। हरियाणा चैप्टर में डीन प्रो. नीलम सिंह संघवाल द्वारा लीड किया जा रहा है।

**JAGRAN CITY PAGE III**

## पुरातन छात्र फाउंडेशन के सात नए चैप्टर की शुरुआत

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय पुरातन छात्र फाउंडेशन (एलयूएएफ) ने पांच राष्ट्रीय और दो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए अध्यायों के साथ अपने नेटवर्क का विस्तार कर दिया है। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के मुताबिक नए अध्याय (चैप्टर) के उद्घाटन का उद्देश्य पूर्व छात्र-छात्राओं के बीच मजबूत संबंधों को बढ़ावा देते हुए ज्ञान के आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना और विश्वविद्यालय के विविध समुदाय के बीच एकता की भावना को समृद्ध करना है।

103 साल पुराना लखनऊ विश्वविद्यालय भारत के पूर्व राष्ट्रपति पंडित शंकर दयाल शर्मा सहित तमाम प्रसिद्ध पूर्व छात्रों के साथ एक शानदार इतिहास को संजोए हुए है। एलयूएएफ का नेतृत्व महासचिव के रूप में प्रोफेसर सुधीर मेहरोत्रा और उपाध्यक्ष प्रोफेसर अरूप चक्रवर्ती कर रहे हैं। प्रत्येक चैप्टर को लखनऊ विश्वविद्यालय के एक अध्यापक नोडल का समर्थन दिया जाएगा, जिससे चैप्टर और संस्थान के मध्य एक मजबूत संबंध का निर्माण हो सके।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा लखनऊ विश्वविद्यालय पुरातन छात्र फाउंडेशन, प्रो. सुधीर व प्रो. अरूप कर रहे एलयूएएफ का नेतृत्व

**ये नए चैप्टर हुए शामिल :** दिल्ली-एनसीआर चैप्टर को राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र, हरियाणा के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रोफेसर पंकज सेठ, मुंबई चैप्टर को वरिष्ठ पत्रकार और पूर्व छात्र सेल की समन्वयक कंचन श्रीवास्तव कोआर्डिनेट करेंगी। चंडीगढ़ चैप्टर इंस्टीट्यूट आफ माइक्रोबियल टेक्सेनोलाजी (आइएमटेक) के मुख्य वैज्ञानिक डा. चारू शर्मा, गुवाहाटी चैप्टर एम्स, गुवाहाटी में बायोकेमिस्ट्री विभाग के प्रमुख प्रोफेसर सुभाष गुप्ता, हरियाणा चैप्टर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अनुसंधान के डीन प्रोफेसर नीलम सिंह संघवाल समन्वय स्थापित करेंगी। नेपाल चैप्टर लखनऊ यूनिवर्सिटी एल्युमिनी फाउंडेशन का पहला अंतरराष्ट्रीय चैप्टर होगा, जिसे प्रोफेसर भवानी जोशी द्वारा समन्वित होगा। वहीं, यूएसए चैप्टर की जिम्मेदारी टेक्सास टेक्निकल यूनिवर्सिटी यूएसए के प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव को दी गई है।

## लवि : स्टार्टअप के लिए दे सकते हैं आइडिया



लखनऊ विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेशन सेंटर में स्टार्टअप शुरू करने के लिए अपना आइडिया देने के लिए फिर मौका दिया गया है। अभ्यर्थी ईमेल incubation_cell_lu@lkouniv.ac.in के जरिये आवेदन के साथ भेज सकते हैं। इन्क्यूबेशन सेंटर के निदेशक प्रो. अमृतांशु शुक्ल ने बताया कि स्टार्टअप के इन्क्यूबेशन सेंटर से जुड़ने के लिए लिए कंपनी के पंजीकरण के साथ डिपार्टमेंट फार प्रमोशन आफ इंडस्ट्री एंड इंटर्नल ट्रेड का प्रमाण पत्र लेना जरूरी है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप के लिए अनेक संभावनाएं हैं। इसके लिए प्रदेश सरकार ने बजट निर्धारित किया है। स्टार्टअप को मदद मुहैया करवाने तथा प्रोत्साहित करने के लिए विशेष नीति भी बनाई है। मान्यता प्राप्त इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से यह मदद मुहैया करवाई जाती है। गौरतलब है कि अब तक तीन स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेंटर से पंजीकृत हो चुके हैं।

**HINDUSTAN PAGE 6**

## एलयू: पूर्व छात्रों को सात चैप्टर से जोड़ेंगे

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय अपने पूर्व छात्रों को जोड़ने की प्रक्रिया में विस्तार कर रहा है। विश्वविद्यालय पुरातन छात्र फाउण्डेशन (एलयूएएफ) ने अमेरिका, नेपाल समेत देश के अलग-अलग राज्यों में सात नए चैप्टर बनाए हैं।

फाउण्डेशन से जुड़े नए चैप्टर में दिल्ली एनसीआर, मुम्बई, चण्डीगढ़, गुवाहाटी हरियाणा, नेपाल और संयुक्त राज्य अमेरिका चैप्टर बनाए गए हैं। एलयू प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक चैप्टर को लखनऊ विवि के एक अध्यापक नोडल द्वारा समर्थन दिया जा रहा है। जिससे चैप्टर और संस्थान में संबंध बन सकें।

**i-NEXT PAGE 4**

## एलयू एल्युमिनाई ने अपने नेटवर्क में किया विस्तार

**LUCKNOW (13 Aug):** एलयू के 103वें वर्ष में एलयू पुरातन छात्र फाउंडेशन ने पांच राष्ट्रीय व एक अंतरराष्ट्रीय अध्याय स्थापित करके वैश्विक आउटरीच की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है. एलयूएएफ सक्रिय रूप से दुनिया भर में अपने पदचिह्न का विस्तार कर रहा है. नए अध्यायों के उद्घाटन का उद्देश्य पूर्व छात्रों के बीच मजबूत संबंधों को बढ़ावा देना, ज्ञान के आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना और विवि के विविध समुदाय के बीच एकता की भावना को समृद्ध करना है. दिल्ली एनसीआर चैप्टर राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र, हरियाणा के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रोफेसर पंकज सेठ, मुंबई चैप्टर कंचन श्रीवास्तव, चंडीगढ़ चैप्टर आईएमटीईसीएच के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. चारू शर्मा, गुवाहाटी चैप्टर एम्स आदि द्वारा समन्वित है.